सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

(उच्चत्तरशिक्षाविभाग, शिक्षामंत्रालय, भारतसरकारकेतहतएकस्वायत्तसंगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

सार्वजनिक सूचना

03 अगस्त 2022

विषय: संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य)– 2022, सत्र 2 के लिए, उत्तर कुंजी चुनौती हेतु अनंतिम उत्तर कुंजी और दर्ज़ की गई प्रतिक्रिया सहित प्रश्न पत्र के प्रदर्शन से संबंधित.....

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने **जेईई (मुख्य)-2022, सत्र 2**, का आयोजन **6.29 लाख** अभ्यर्थियों के लिए पूरे देश और विदेश में **25 जुलाई से 30 जुलाई 2022** तक, कंप्यूटर आधारित टेस्ट ((CBT) पद्धति में आयोजित किया गया था।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने, पत्र 1 (B.E./B.Tech.), पत्र 2A (B.Arch.) और पत्र 2B (B.Planning) से संबंधित अनंतिम उत्तर कुंजी को, प्रश्न पत्र के साथ-साथ दर्ज़ किए गए उत्तर सहित, वेबसाइट **https://jeemain.nta.nic.in** पर,अभ्यर्थियों से चुनौती प्राप्त करने हेतु, अपलोड किया है। उत्तर कुंजी को चुनौती देने की प्रक्रिया के लिए (**अनुलग्नक -1** में संलग्न) पद्धति का उपयोग किया जा सकता है।

जो अभ्यर्थी, उत्तर कुंजी से संतुष्ट नहीं हैं, वे **प्रतिप्रश्न 200/- (दो सौ रुपये मात्र)** के, एक अप्रतिदेय प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान करके, नियत प्रश्नों को चुनौती दे सकते हैं। उत्तर कुंजी चुनौती से संबंधित विवरण निम्नांकित है:

परीक्षा/सत्र	उत्तर कुंजी चुनौती के लिए अवधि	भुगतान हेतु अंतिम तिथि	पत्र
संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) – 2022 सत्र 2 (जुलाई 2022)	03 अगस्त से 05 अगस्त 2022 (सायं 05:00 बजे तक)	05 अगस्त 2022 (सायं 05:00 बजे तक)	पत्र 1 (B.E./B.Tech.) पत्र 2A (B.Arch.) पत्र 2B (B. Planning)

डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/पेटीएम के माध्यम से प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान, **05 अगस्त 2022 सायं 05:00 बजे तक)** किया जा सकता है। प्रसंस्करण शुल्क की प्राप्ति के बिना किसी भी चुनौती पर विचार नहीं किया जाएगा। *किसी भी अन्य माध्यम से दी चुनौतियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।*

अभ्यर्थियों द्वारा की गई चुनौतियों का सत्यापन, विषय–विशेषज्ञों के पैनल द्वारा किया जाएगा। *यदि किसी भी अभ्यर्थी द्वारा दी गई चुनौती को सही पाया जाता है, तो उत्तर कुंजी को तदनुसार संशोधित किया जाएगा।* संशोधित अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर, परिणाम तैयार और घोषित किया जाएगा। **व्यक्तिगत तौर पर, किसी भी अभ्यर्थी को उसकी चुनौती की स्वीकृति/अस्वीकृति के बारे में सूचित नहीं किया जाएगा।** चुनौती के बाद विशेषज्ञों द्वारा अंतिम रूप दी गई **कुंजी ही निर्णायक** होगी। **05 अगस्त 2022 (सायं 05:00 बजे तक)** के बाद दी गई कोई भी चुनौती **स्वीकार नहीं की जाएगी।**

जेईई (मुख्य) – 2022 से संबंधित अधिक स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी **011-40759000** पर संपर्क कर सकते हैं या jeemain@nta.ac.in पर ईमेल कर सकते हैं।

(डॉ० साधना पाराशर)
वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा)

अनुलग्नक-1

उत्तर कुंजी को चुनौती देने की प्रक्रिया

1. कृपया वेबसाइट **https://jeemain.nta.nic.in** पर जाएं

2. उत्तर कुंजी के संबंध में 'चुनौती' पर क्लिक करें

3. अपनी आवेदन संख्या और जन्म तिथि के साथ लॉगिन करें और प्रदर्शित किए गए अनुसार सुरक्षा पिन दर्ज करें और जमा करें।

4. 'उत्तर कुंजी के संबंध में चुनौती' पर क्लिक करें।

5. आप देखेंगे कि निम्नलिखित प्रश्न **ID** अनुक्रमिक क्रम में हैं: **जेईई (मुख्य) – 2022 सत्र 2 (जुलाई 2022)**

पत्र **1: B.E./B.Tech** (यथाप्रयुक्त)	**30+30+30** प्रश्न	गणित/भौतिकी/रसायन विज्ञान
पत्र **2A: B.Arch.** (यथाप्रयुक्त)	**30+50** प्रश्न	गणित/अभिरुचि परीक्षा
पत्र **2B: B.Planning** (यथाप्रयुक्त)	**30+50+25** प्रश्न	गणित/ अभिरुचि परीक्षा /योजना आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकार **MCQs**

6. कॉलम ***'सही विकल्प'*** के तहत प्रश्न के आगे की ID एनटीए द्वारा उपयोग की जाने वाली सबसे उपयुक्त उत्तर कुंजी के लिए है।

7. यदि आप इस विकल्प को चुनौती देना चाहते हैं, तो आप चेक बॉक्स पर ✔ क्लिक करके अगले चार कॉलम में दिए गए किसी एक या अधिक विकल्प ID का उपयोग कर सकते हैं।

8. यदि आप सहायक दस्तावेज अपलोड करना चाहते हैं तो आप ***'फाइल चुनें'*** का चयन कर उन्हें अपलोड कर सकते हैं **(सभी दस्तावेजों को एक pdf फाइल में रखा जाना है)।**

9. अपने वांछित विकल्प पर क्लिक करने के बाद, **पत्र 1** के **गणित/भौतिकी/रसायन विज्ञान** के लिए (B.E. /B. Tech.), **पत्र 2A के गणित/एप्टीट्यूड टेस्ट के लिए (B.Arch.)** और के लिए पत्र **2B के गणित/एप्टीट्यूड टेस्ट/प्लानिंग** के लिए **(B.Planning)** , नीचे स्क्रॉल करें **'Save your Claim'** और अगली स्क्रीन पर जाएँ।

10. आप उन सभी **विकल्प ID** को प्रदर्शित देखेंगे जिन्हें आपने चुनौती दी है।

11. **'Save your Claim and Pay Fee Finally'** पर क्लिक करें।

12. भुगतान का तरीका चुनें और चुनौती दिए गए **प्रत्येक प्रश्न के लिए 200/- की** दर से एक गैर-वापसी योग्य प्रसंस्करण शुल्क का डेबिट/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/पेटीएम के माध्यम से भुगतान करें।